संपादकीय

दलबदल का आधा अधूरा कानून न बने

केंद्र सरकार दलबदल का नया कानून लाने जा रही है। अस्सी के दशक में तब की राजीव गांधी सरकार ने जो दलबदल कानून बनाया था उसमें कई बार संशोधन हो चुका है। पिछले कुछ बरसों में नेताओं के पार्टी छोड़ने की जैसी प्रवृत्ति देखने को मिली है और जिस तरह के घटनाक्रम देखने को मिले हैं उनसे लग रहा है कि नया कानून समय की जरूरत है। लेकिन इस बार कानून आधा अधूरा नहीं बनना चाहिए। उससे भी ज्यादा जरूरी यह है कि सिर्फ व्यावहारिक राजनीतिक पहलू को ध्यान में रख कर कानून नहीं बनाना चाहिए, बल्कि राजनीति की शुचिता का भी ध्यान रखते हुए कानून बनना चाहिए। बताया जा रहा है कि नया दलबदल कानून सिर्फ विधायकों, सांसदों यानी चुने हुए प्रतिनिधियों पर ही लागू नहीं होगा, बल्कि पंजीकृत पार्टियों के पदाधिकारियों पर भी नया कानून लागू होगा। इसका मतलब है कि किसी रजिस्टर्ड पार्टी का पदाधिकारी भी दलबदल करता है तो उसे दलबदल विरोधी कानून के तहत कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। इसके साथ ही यह भी बताया जा रहा है कि नए कानून के तहत चुनाव से छह महीने पहले दलबदल करने वाले पदाधिकारी को भी किसी दूसरी पार्टी की टिकट से चुनाव लड़ने से रोका जा सकता है। वह चाहे तो निर्दलीय चुनाव लड़ सकता है। कानून का यह प्रावधान चुने हुए प्रतिनिधियों को भी चुनाव लड़ने से रोकेगा। यानी अगर चुनाव से छह महीने पहले कोई सांसद या विधायक अपनी पार्टी छोड़ कर दूसरी पार्टी में जाता है तो वह उस पार्टी से चुनाव नहीं लड़ पाएगा। उसे निर्दलीय लड़का होगा। ध्यान रहे सबसे ज्यादा संख्या में दलबदल चुनाव से पहले होता है। एक पार्टी से चुने हुए प्रतिनिधि जब अपना कार्यकाल पूरा कर लेते हैं तो चुनावी हवा को बूझते हुए ऐन चुनाव से समय पार्टी बदल लेते हैं। दूसरी पार्टी भी उन्हें खुशी खुशी टिकट दे देती है। जैसे इस बार गुजरात विधानसभा के लिए चुने गए आधा दर्जन से ज्यादा कांग्रेस के विधायक भाजपा की टिकट से लड़ रहे हैं। अभी सूत्रों के हवाले से जो बातें सामने आ रही हैं उनसे लग रहा है कि सरकार ने कर्नाटक, मध्य प्रदेश या महाराष्ट्र में चुनी हुई सरकारों को गिरा कर नई सरकार बनाने के घटनाक्रम का ध्यान नहीं रखा गया है। इनका ध्यान रखते हुए यह प्रावधान किया जाना चाहिए कि चुने हुए प्रतिनिधि अगर पार्टी छोड़ते हैं और अपनी विधायकी या सांसदी से इस्तीफा देते हैं तब भी पांच साल तक उनके चुनाव लड़ने पर रोक रहेगी। चुनाव से छह महीने पहले इस्तीफा देने वालों के लिए जो नियम बनाया जा रहा है वह पूरे पांच साल के लिए रहे। यानी पांच साल में कभी भी कोई चुना हुआ प्रतिनिधि पार्टी छोड़ता है तो दूसरी किसी पार्टी से वह चुनाव नहीं लड़ पाए। इसी तरह गठबंधन बदल को लेकर भी कानून में प्रावधान किया जाना चाहिए। एक दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ने वाले गठबंधन की पार्टियां चुनाव के बाद एक निश्चित समय तक गठबंधन तोड़ कर दूसरे गठबंधन के साथ न जा सकें, इसका भी नियम बनना चाहिए।

टेस्ला के लाइट से जुड़े सॉफ्टवेयर में गड़बड़ी

कंपनी ने वापस बुलाए 3,21,000 से अधिक वाहन

सैन फ्रांसिस्को। एलन मस्क-टिन टेस्ला एक सॉफ्टवेयर गड़बड़ी के लिए 321,000 से अधिक वाहनों को वापस बुला रहे हैं और पीछे की लाइट में विसंगति को ठीक करने के लिए एक ओवर-द-एयर (ओटीए) फर्मवेयर अपडेट तैनात करेंगे, जो गलती का पता लगा सकता है। यूएस नेशनल हाईवे ट्रैफिक सेफ्टी एडमिनिस्ट्रेशन (एनएसटीएसए) के साथ फाइलिंग के अनुसार, उपाय ओटीए फर्मवेयर अपडेट 'व्हीकल वेक अप प्रोसेस' के दौरान गलत फॉल्ट डिटेक्शन को रोकता है, जो सुनिश्चित करता है कि सभी टेल लैंप डिजाइन के अनुसार काम करे।

रिकॉल में 2023 मॉडल 3 वाहन और 2020 से 2023 मॉडल वाई वाहन शामिल हैं। 24 अक्टूबर के सप्ताह के दौरान, टेस्ला ने मुख्य रूप से विदेशी बाजारों से ग्राहकों की शिकायतें देखीं, जिसमें दावा किया गया था कि वाहन टेल लैंप रोशनी नहीं कर रहे थे। 7 नवंबर को, टेस्ला ने अपनी जांच पूरी की और संदिग्ध मूल कारण, जोखिम मूल्यांकन और प्रभावित वाहनों की पुष्टि की।

फाइलिंग के मुताबिक, टेस्ला ने कार्यकारी टीम के साथ निष्कर्षों की समीक्षा की और एक स्वैच्छिक रिकॉल निर्धारण किया गया। हालांकि इस तरह की गड़बड़ी से कोई दुर्घटना की जानकारी नहीं है। पिछले हफ्ते, टेस्ला ने लगभग 30,000 मॉडल एक्स वाहनों को एक ऐसे मुद्दे पर वापस बुलाया जो सामने वाले यात्री एयरबैग को कम गति टक्करों में अनुचित रूप से तैनात करने का कारण बन सकता था।

सितंबर में, इलेक्ट्रिक कार निर्माता ने लगभग 1.1 मिलियन वाहनों को वापस बुलाया ताकि ड्राइवरों को खिड़कियों के शीशे उठाने के वक्त चोट लगने से बचाया जा सके। इन टेस्ला कारों की खिड़कियां बंद करते समय कुछ वस्तुओं को पहचान नहीं पाएंगी, जिसके चलते चोट लग सकती है। मई में, टेस्ला ने ओवरहीटिंग सेंट्रल प्रोसेसिंग यूनिट (सीपीयू) के कारण होने वाली टचस्क्रीन समस्याओं को ठीक करने के लिए 1,30,000 कारों को वापस बुलाया।

ट्विटर में छंटनी खत्म, फिर से होंगी नियुक्तियां : मस्क

सैन फ्रांसिस्को । माइक्रो-ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म ट्विटर के 7,500 कर्मचारियों में से दो-तिहाई की छंटनी ` बाद कंपनी के सीईओ एलन मस्क ने कहा कि अब कंपनी में छंटनी नहीं, बल्कि नई नियुक्ति होगी। कर्मचारियों के साथ एक बैठक में मस्क ने यह भी दावा किया कि ट्विटर अब इंजीनियरिंग और बिक्री में भर्ती कर रहा है। उन्होंने कर्मचारियों को संभावित उम्मीदवारों की सिफारिश करने के लिए भी कहा।

रिपोर्ट में मस्क के हवाले से कहा गया है कि नई नियुक्तियों में सॉफ्टवेयर बनाने वालों को प्राथमिकता दी जाएगी। सीईओ के अनुसार टेक्सास में कंपनी का मुख्यालय रखने की कोई योजना नहीं है, जैसा कि उन्होंने टेस्ला के साथ किया था। यह टेक्सास के साथ कैलिफोर्निया में भी हो सकता है। मस्क ने कर्मचारियों से कहा, अगर हम मुख्यालय को टेक्सास ले जाना चाहते हैं तो मुझे लगता है कि इससे यह संदेश जाएगा कि ट्विटर वामपंथी से दक्षिणपंथी हो गया है, जो मामला नहीं है। उन्होंने कहा, यह ट्विटर का दक्षिणपंथी अधिग्रहण नहीं है। यह ट्विटर का एक उदारवादी अधिग्रहण है।

एलन मस्क ने भारतीय फॉलोअर्स को कहा नमस्ते, ट्विटर पर प्रतिक्रियाओं की बाढ़

नई दिल्ली । एलन मस्क ने मंगलवार को अपने लाखों भारतीय फॉलोअर्स को 'नमस्ते' कहा। इससे पहले उन्होंने ब्लू टिक सेवा को फिर से सत्यापन करने के लिए रोक दिया है। इसे 29 नवंबर से लॉन्च किया जाना था। मस्क ने ट्वीट किया, मैं बहुत अच्छा समय बिता रहा हूं। नमस्ते। मस्क समझते हैं कि भारत ट्विटर के लिए एक प्रमुख बाजार है और कई भारतीय मूल के सॉफिटवेयर इंजीनियर कंपनी में काम कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जब तक छद्म अकाउंट को रोकने का उपाय नहीं हो जाता, ब्लू टिक सेवा शुरू नहीं होगी।

शायद व्यक्तियों की तुलना में संगठनों के लिए अलग-अलग कलर का उपयोग करेंगे, मस्क ने कहा। उनके नमस्ते ट्वीट पर कई फॉलोअर्स ने उन्हें कटाक्ष के साथ बधाई भी दी। वह ट्विटर पर भारतीयों से जुडना चाहते हैं, एक फॉलोअर ने पोस्ट किया। लगता है कि आपकी टीम में भारतीय आपको सही शिक्षा दे रहे हैं! एक और पोस्ट में कहा गया।

मदर डेयरी ने दूध के दाम बढ़ाए, अब इतने रुपए महंगा हो गया दूध

नई दिल्ली । आम आदमी पर महंगाई का बोझ और बढ़ गया है। मदर डेयरी ने दिल्ली-एनसीआर में फुल क्रीम दूध का दाम एक रुपए प्रति लीटर बढ़ोतरी कर दी है। टोकन वाले दूध के दाम में दो रुपये प्रति लीटर की वृद्धि। मदर डेयरी ने कहा कि लागत बढने के चलते उसने यह वृद्धि की है। दिल्ली-एनसीआर में प्रतिदिन 30 लाख लीटर से अधिक दूध की आपूर्ति करने वाली मदर डेयरी ने इस साल दूध की कीमतों में चौथी बार बढ़ोतरी की है।

कंपनी के प्रवक्ता ने बताया कि मदर डेयरी ने फुल क्रीम दूध के दाम एक रुपये बढ़ाकर 64 रुपये प्रति लीटर कर दिए हैं। हालांकि, आधा लीटर के पैक में बिकने वाले फुल क्रीम दूध की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। टोकन वाले दूध की कीमत सोमवार से 50 रुपये प्रति लीटर होगी। अभी यह 48 रुपये प्रति लीटर की दर से बिकता है। दूध की कीमतों में बढ़ोतरी घरेलू बजट को प्रभावित करेगी, क्योंकि इस वक्त खाद्य मुद्रास्फीति पहले ही काफी अधिक है।

मदर डेयरी ने कीमतों में बढ़ोतरी के लिए डेयरी किसानों से कच्चे दूध की खरीद लागत में बढ़ोतरी को जिम्मेदार ठहराया। प्रवक्ता ने कहा, 'इस साल डेयरी उद्योग में दूध की मांग और आपूर्ति में भारी अंतर देखा जा रहा है।' कंपनी ने कहा कि कच्चे दूध की उपलब्धता चारे की बढ़ती लागत और अनिश्चित मानसून के कारण प्रभावित हुई है। मदर डेयरी ने कहा कि इसके अलावा प्रसंस्कृत दूध की मांग काफी बढ़ गई है। प्रवक्ता ने कहा, 'त्योहारी मौसम के बाद भी मांग-आपूर्ति में अंतर के कारण कच्चे दूध की कीमतों में मजबूती आई है।

एशियन हैंडबाल चैंपियनशिप के लिए भारतीय महिला टीम कोरिया रवाना

नई दिल्ली । कोरिया के इंचियोन में 24 नवंबर से चार दिसंबर के बीच खेली जाने वाली 19वीं एशियन महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप में भाग लेने के लिये 19 सदस्यीय भारतीय टीम कोरिया रवाना हो गयी। हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के महासचिव डॉ तेजराज सिंह ने भारतीय टीम की घोषणा सोमवार को दिल्ली में की। भारत की सीनियर महिला हैंडबॉल टीम ने इससे पहले काठमांडू (नेपाल) में आयोजित दक्षिण एशियाई गेम्स-2019 में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता था।

टीम की रवानगी से पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अपने आवास पर खिलाडिय़ों से मुलाकात की ओर चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन की शुभकामनाएं दी। उन्होंने उम्मीद जताई, टीम कोरिया में भी देश का परचम लहराएगी। हम इस टीम को अपनी पूरी शुभकामनाएं देते है और जो भी संभव होगा वो सुविधाएं दिलाने का प्रयास करेंगे।

हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के कार्यकारी निदेशक डॉ आनन्देश्वर पाण्डेय ने बताया कि इस चैंपियनशिप की तैयारी के लिए भारतीय टीम का प्रशिक्षण शिविर उत्तर प्रदेश में अयोध्या के भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में गत 31 अक्टूबर से 20 नवंबर तक आयोजित किया गया था, जिसमें 32 संभावित खिलाड़ी शामिल थे। उन्होंने कहा, इस शिविर में प्रशिक्षकों ने खिलाडिय़ों को कड़ा अभ्यास कराया और खासकर खेल की तकनीक, इंडयोरेंस, स्टेमिना और गति में सुधार के लिए विशेष मेहनत की गई। मुझे उम्मीद है कि टीम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी और देश का नाम ऊंचा करेंगी।

चयनित भारतीय महिला हैंडबॉल टीम इस प्रकार है:- ज्योति शुक्ला, नीना शील, मेनका, सुषमा (सभी भारतीय रेलवे) दीक्षा कुमारी, निधि शर्मा, शालिनी ठाकुर, भावना, प्रियंका ठाकुर (सभी हिमाचल प्रदेश) मनदीप कौर, मनिंदर कौर, बनिता शर्मा, राजवंत कौर सभी (पंजाब) रिंपी, आशारानी, प्रियंका, सोनिका (सभी हरियाणा) तेजस्विनी सिंह (उत्तर प्रदेश) सदा राठौड़ (राजस्थान)

मैटर ने पेश की देश की पहली गियर वाली इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल

नई दिल्ली। प्रौद्योगिकी क्षेत्र के स्टार्ट-अप मैटर ने देश की पहली गियर वाली इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल को पेश किया। इसमें ऑनबोर्ड चार्जर मैटरचार्ज 1.0 है जिससे वाहन को 5 एम्पियर प्लग से कहीं भी चार्ज किया जा सकता है।

मैटर ने कहा कि ऑन-बोर्ड चार्जर वाहन को पांच घंटे से भी कम समय में चार्ज कर सकता है और इसमें ओवर चार्ज प्रोटेक्शन भी है। इस वाहन का निर्माण अहमदाबाद में किया जाएगा और यह देश के प्रमुख शहरों में उपलब्ध होगी। इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल एक्टिव लिच्डि कूलिंग सिस्टम के साथ आती है जो मोटर, बैटरी पैक और पावर इलेक्ट्रॉनिक्स को ठंडा करता है। यह एक एकीकृत, हाई एनर्जी डेंसिटी, 5 किलोवॉट पावर पैक, मैटरएनर्जी 1.0 द्वारा संचालित है जो एआईएस156 के अनुरूप है।

संस्थापक और समूह के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मोहाल लालभाई ने कहा,मुझे यह कहते हुए गर्व हो रहा है कि यह मोटरसाइकिल हमें उस भविष्य की ओर ले जाएगी जिसका हम सभी ने सपना देखा है। हमारी दृष्टि ने हमें यथास्थिति को चुनौती देने, लक्ष्य के प्रति निरंतर और लचीला बने रहने और चपलता के साथ कठिन रास्ते पर चलने के लिए हमेशा प्रेरित किया है। आज हम देश के इलेक्ट्रिफिकेशन की यात्रा को तेज कर रहे हैं क्योंकि देश मोटरबाइकों पर सवार है।

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की बायोपिक में मुख्य भूमिका निभाएंगे पंकज त्रिपाठी

जून में देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की बायोपिक का ऐलान किया गया था। फिल्म की घोषणा के साथ ही दर्शक यह जानने के लिए उत्साहित थे कि अटल की भूमिका कौन अदा करेगा। अब इस फिल्म के लिए जाने-माने अभिनेता पंकज त्रिपाठी को चुन लिया गया है। वह फिल्म में मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं। इसका शीर्षक मैं रहूं या ना रहूं ये देश रहना चाहिए अटल रखा गया है।

पंकज त्रिपाठी ने इंस्टाग्राम पर अपने फैंस को फिल्म से जुड़ने की जानकारी दी है। उन्होंने अपने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, भारत जमीन का टुकड़ा नहीं, जीता जागता राष्ट्रपुरुष है। ये पंक्तियां लिखने वाले महान नेता श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की भूमिका मुझे बड़े पर्दे पर साकार करने का अवसर मिल रहा है। इसे मैं अपना सौभाग्य मानता हूं। इस फिल्म के लिए पंकज को सोशल मीडिया पर फैंस शुभकामनाएं दे रहे हैं। पंकज ने अपने बयान में कहा, एक मानवीय राजनेता को पर्दे पर निभाना मेरे लिए सम्मान की बात है। वह सिर्फ एक राजनेता ही नहीं, बल्कि बहुत कुछ थे। वह एक उत्कृष्ट लेखक और एक प्रसिद्ध कवि थे। उनके किरदार को निभाना मेरे जैसे अभिनेता के लिए सौभाग्य की बात है।

अजय देवगन की 'दृश्यम 2' ने पहले सप्ताह में की 64 करोड़ रुपए की कमाई

अभिनेता अजय देवगन की फिल्म दृश्यम 2 दर्शकों के साथ-साथ समीक्षकों को भी पसंद आई। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर भी अपनी रफ्तार पकड़ चुकी है। सिनेमाघरों में अच्छी शुरुआत मिलने के बाद इस फिल्म ने अपने पहले वीकेंड में करीब 64 करोड़ रुपये कमा लिए हैं। फिल्म 18 नवंबर को बड़े पर्दे पर आई थी। दर्शकों का मानना है कि पहले भाग की तरह इसके दूसरे भाग में भी रोमांच बरकरार है। समीक्षक तरण आदर्श फिल्म के पहले वीकेंड का कलेक्शन शेयर किया है। पहले दिन फिल्म ने 15.38 करोड़ रुपये बटोरे। दूसरे दिन इसने 21.59 करोड़ रुपये का कारोबार किया। रविवार को दृश्यम 2 ने अपने खाते में 27.17 करोड़ रुपये जोड़े। इस प्रकार फिल्म की कुल कमाई का आंकड़ा 64.14 करोड़ रुपये तक जा पहुंचा।

आज का राशिफल

मेष : आज कोई शुभ समाचार सुनने को मिल सकता है। यदि आप नौकरी में परिवर्तन की तलाश में हैं तो आपको आज अवसर मिल सकता हैं। धन निवेश से अच्छा लाभ मिलेगा। प्रबंधन क्षेत्र के छात्र अच्छा प्रदर्शन करेंगें।

वृष : इस अवधि में नियोजित कार्य बहुत अधिक परिणाम नहीं दिखाएगा, किन्तु परिणाम जो भी हों, सकारात्मक होंगें। आर्थिक लाभ प्राप्त करने के लिए दिन शुभ है। यदि आपने किसी को पैसे उधार दिए थे, तो उसे पाने के लिए समझौता करना रहेगा।

मिथुन : आप अपनी नौकरी में बदलाव की उम्मीद कर सकते हैं। विदेश यात्रा भी संभव है। आप अपनी संभावनाओं के उत्थान की आशा भी कर सकते हैं क्योंकि आप अपनी वर्तमान नौकरी से अधिक पसंदीदा स्थान पर स्थानांतरित हो सकते हैं।

कर्क : व्यवसायियों को नए रुझान और रास्ते मिलेंगे जो उनकी नकदी में वृद्धि करेंगें। आज आपकी वित्तीय स्थिति बहुत मजबूत होगी। आपके द्वारा की गई बचत, आपके परिवार के लिए लाभकारी साबित होगी।

सिंह : आज का दिन आपके लिए कुछ परेशानी लिए हो सकता है। काम के दौरान आप वैचारिक मतभेदों को लेकर अपने सहयोगियों के साथ संघर्ष में आ सकते हैं, इसलिए आपको व्यावहारिक रहने की आवश्यकता है।

कन्या : आज आप अपने अधीनस्थ अथवा सहयोगी को संवेदनशील मुद्दों को समझाने में मदद कर सकतें हैं। व्यापारी वर्ग ग्राहकों की पसंद में दिलचस्पी लेंगे और आसानी से आर्थिक लाभ अर्जित कर पाएंगे।

तुला : आज आपका आर्थिक पक्ष अस्थिर हो सकता है। आपके आलोचक और शत्रु आपके लिए समस्याएं पैदा करेंगे किन्तु आप कूटनीति के प्रयोग से उन्हें चुप करा सकते हैं। आपका दैनिक कार्यक्रम व्यस्त रहेगा।

वृश्चिक : आज खुद के लिए जोखिम लेने की क्षमताओं पर अंकुश लगाना बेहतर होगा। यदि आपने पहले से भी जोखिम उठाए हैं तो उन्हें उपयुक्त रूप से पुरस्कृत किया जाएगा। निवेश समझदारी से करें अन्यथा आर्थिक पक्ष अस्थिर हो सकता है।

धनु : आज आप प्रेम संबंधों में लिप्त जातक अपने साथी के साथ भावनात्मक परिवेश में एक नया समीकरण विकसित कर पाएंगे। आज व्यावसायिक और व्यापारी सभी गतिविधियों में काफी प्रगति होने की संभावना है।

मकर : आज व्यापारिक सन्दर्भ में विलय हो सकतें हैं। कठिन समय है, कार्य स्थल पर बार-बार परिवर्तन आपको भ्रमित कर सकता है। प्रेम संबंधों के लिए यह एक अच्छा समय है।

कुंभ : आज आप व्यापारिक एवं व्यावसायिक सन्दर्भ में महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। आप अपने प्रयासों से चौतरफा सफलता प्राप्त करेंगे और आपकी शक्तियां बढ़ेंगी। आप अपने द्वारा किए गए किसी भी निवेश में लाभ प्राप्त करेंगे।

मीन : आज का दिन आपके लिए शानदार साबित होगा। कठिन समय के बाद आखिरकार आप अपने चेहरे पर मुस्कान के साथ सुकून देख सकेंगे। आप अपनी कड़ी मेहनत और श्रम के लिए इनाम की उम्मीद कर सकते हैं।

घर पर बनाएं हलवाई जैसा गाजर का हलवा

सर्दियों के मौसम में लोग गाजर खाना खूब पसंद करते हैं। इससे सब्जी और पुलाव भी बनाई जाती है। लेकिन लोग गाजर का हलवा सबसे ज्यादा पसंद करते हैं। तो देर किस बात की, हलवे बनाने के लिए ट्राई करें ये रेसिपी।

सामग्री :

7-8 गाजर, 250 ग्राम दूध, एक कप चीनी, एक चम्मच इलाइची पाउडर, कटे हुए काजू-बादाम, 100 ग्राम मावा, 3 बड़े चम्मच घी

विधि :

- सबसे पहले गाजर को धोकर अच्छे से साफ कर लें।
- अब इसे कद्दूकस की मदद घिस लें।
- कड़ाही में घी गर्म करें, इसके बाद गाजर को डालकर भून लें।
- जब गाजर का पानी सूखने लगें, तो इसमें दूध डालकर अच्छी तरह चलाएं।
- थोड़ी देर इसे पकने के लिए छोड़ दें।
- जब ये पक जाए, तो इसमें मावा मिला दें।
- अब इस हलवे में चीनी मिलाएं।
- जब हलवा चिपचिपा सा होने लगे, तो गैस बंद कर दें।
- इसमें कटे हुए बादाम, काजू और इलायची पाउडर मिला दें।
- तैयार है गाजर का हलवा।

शब्द सामर्थ्य- 259

बाएं से दाएं
1. रूचिकर लगने वाली, रूचि के अनुकूल, चुनी हुई 3. राजाओं के बैठने का आसन 6. श्रमिक 7. कार्य, काज 9. वाद्ययंत्र आदि बजाने वाला 10. सहारा, सहायक वस्तु 11. शर्म, लाज, हया 12. मक्खन, माखन 14. श्रीमती राबड़ी देवी इस प्रदेश की मुख्यमंत्री हैं 15. चंद्रमा, रजनीश, चांद 18. पुस्तक 20. अवधि, समय 21. तर्क वितर्क और कहा-सुनी, जबानी झगड़ा 22. सूरत, आकार 23. झुका हुआ, नत।

ऊपर से नीचे
1. पंद्रह दिन का समय, शुक्ल या कृष्ण पक्ष 2. आग बुझाने की मशीन 3. हिंदु विवाहित स्त्री के मांग में भरने का लाल चूर्ण 4. पराजय, माला 5. मुंह ढकने का कपड़ा, घुंघट 8. चंदन, दक्षिण का एक पर्वत 10. व्यवस्थित करना, सजाना, स्वभाव आदि का परिष्कार, शुद्ध संबंधी कृत्य 12. विशालता, बड़प्पन, महान होने का भाव 13. अड़चन, रुकावट 15. जमीन के अंदर गहरा और लंबा रास्ता, अच्छे रंग का 16. बेवकूफ, मूर्ख, अहमक 17. औसत के हिसाब से 18. कृषक 19. अधिक, ज्यादा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 258 का हल

ज	ल	■	आ	वा	जा	ही	■	■
मा	■	खू	ब	■	दू	र	स्थ	■
ना	दा	न	■	सा	ग	■	ल	क्ष्य
■	न	ख	■	त	र	ल	■	■
■	वी	रा	न	■	■	च	ट	क
■	र	ब	■	आ	ज	क	ल	■
■	■	■	आ	ग	■	दा	ना	■
■	अ	ग	र	म	ग	र	■	क्रो
भा	भी	■	ती	न	■	■	व	ध

सू-दोकू- 259

	2			6			1	
3			4			2		
							6	
6					4			
	9		5			6		1
4		3			9			2
	8		2				7	
1		2		4		9		6

नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.258 का हल

8	7	6	9	5	1	2	3	4
1	3	9	2	8	4	5	6	7
4	5	2	3	7	6	9	1	8
2	8	5	4	6	7	1	9	3
3	1	7	8	9	2	4	5	6
6	9	4	1	3	5	7	8	2
9	4	1	6	2	8	3	7	5
7	2	8	5	1	3	6	4	9
5	6	3	7	4	9	8	2	1